# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर (छ.ग.)

**मोतीबाग रोड, घड़ी चौक, रायपुर छ.ग.**
(e-mail :- cmho_raipur@yahoo.co.in)– Ph . No. 0771-2535304,2535315,0771-4271058

क्र. / सी.एम.एच.ओ. / डी.एम.एफ. सवि.नियु. / सत्रह / 2021 / 20076 रायपुर, दिनांक 24.8.2021

**–:विज्ञापन:–**

कार्यालय कलेक्टर जिला खनिज संस्थान न्यास जिला पंचायत रायपुर के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्रमांक / 210136999247 / 002 रायपुर दिनांक 06.08.2021 के अनुसार रायपुर जिले में खनिज न्यास मद से स्वीकृत पदों की भर्ती हेतु जिला पंचायत रायपुर के प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वीकृत नवीन पदो के विरूद्ध संविदा नियुक्ति हेतु निम्न तालिका में दर्शित पदों पर वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित कर कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार आयोजित कर जिला आरक्षण रोस्टर अनुसार दिनांक 03.09.2021 एवं 04.09.2021 को पदवार निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यार्थियों को उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है, पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है–

**आवेदन पत्र प्राप्ति का प्रकार** –निर्धारित प्रारूप में संलग्नकों के साथ वॉक्–इन–इंटरव्यू /कौशल परीक्षा तिथि को ही उपस्थित होकर जमा किया जाना है।

- **पंजीयन हेतु निर्धारित समय–**

| क्र | पद का नाम | पंजीयन हेतु निर्धारित समय | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिशु रोग विशेषज्ञ | प्रातः 9.00 बजे से प्रातः 11.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 2 | माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट | प्रातः 9.00 बजे से प्रातः 11.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 3 | स्टाफ नर्स | प्रातः 9.00 बजे से प्रातः 2.00 बजे तक | 04.09.2021 |

- **पात्र / अपात्र सूची का प्रकाशन–**

| क्र | पद का नाम | पात्र / अपात्र सूची का प्रकाशन हेतु निर्धारित समय | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिशु रोग विशेषज्ञ | दोपहर 1.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 2 | माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट | दोपहर 1.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 3 | स्टाफ नर्स | दोपहर 11.00 बजे तक | 07.09.2021 |

- **दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय**

| क्र | पद का नाम | दावा आपत्ति हेतु आवेदन जमा करने की निर्धारित समय | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिशु रोग विशेषज्ञ | दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 2 | माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट | दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 3 | स्टाफ नर्स | प्रातः11.00 बजे तक दोपहर 1.00 बजे तक | 07.09.2021 |

- **दावा आपत्ति का निराकरण –**

| क्र | पद का नाम | दावा आपत्ति का निराकरण | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिशु रोग विशेषज्ञ | अपरान्ह 4.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 2 | माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट | अपरान्ह 4.00 बजे तक | 03.09.2021 |
| 3 | स्टाफ नर्स | अपरान्ह 4.00 बजे तक | 08.09.2021 |

- **वॉक–इन–इंटरव्यू / कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार –**

| क्र | पद का नाम | कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शिशु रोग विशेषज्ञ | दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् 4.30 बजे अथवा आवेदन संख्या अधिक होने पर आगामी तिथि को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक कौशल / साक्षात्कार परीक्षा ली जावेगी। | 03.09.2021 |
| 2 | माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट | | 03.09.2021 |
| 3 | स्टाफ नर्स | दोपहर 1.00 बजे | 14.09.2021 |

नोटः— कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अपरिहार्य कारणों से परीक्षा की तिथि में संसोधन किये जाने की जानकारी की सूचना स्थानीय कार्यलय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जावेगी।

- स्थानः — कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर छ.ग.

- वॉक—इन—इंटरव्यू /कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु रिक्तियों का विवरणः—

| क्र. | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | समेकित वेतन | रिक्त पद | कुल रिक्त पदों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्त पदों की वर्गवार संख्या में से केवल महिलाओं के आरक्षित पद | | | | कुल रिक्त पदो में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | | |
| 1 | DMF | शिशु रोग विशेषज्ञ | 93750.00 | 02 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | एम.डी. / डी.एन.बी./डी.सी.एच. पीडियाट्रिक एवं छ.ग. मेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन |
| | | माइक्रोबॉयलॉजिस्ट | 35000.00 | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. एम.एस.सी. मेडिकल माईक्रोबॉयोलॉजी अथवा<br>2. एम.एस.सी. माइक्रोबॉयोलॉजी एवं<br>3. मेडिकल डायग्नोस्टिक में 02 वर्ष के कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| | | स्टाफ नर्स | 16500.00 | 20 | 13 | 1 | 3 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 OL | बी.एस.सी. नर्सिंग/जी.एन.एम. उत्तीर्ण एवं जीवित पंजीयन छ.ग. नर्सिंग काउंसिल |

**भर्ती के संबंध में नियम/शर्तेः—**

1. विज्ञापन का आवेदन प्रारूप एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत दिशा—निर्देश www.raipur.gov.in में एवं स्थानीय कार्यालय में उपलब्ध है।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के नियमों के अनुरूप किया जायेगा। संविदा भर्ती के संदर्भ में छ.ग. शासन द्वारा समय—समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संसोधित लागू होंगे।
3. आवेदन शुल्क रू. 25000/— प्रतिमाह से कम वेतनमान वाले पदो के लिए निःशक्त/अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थी हेतु 100/— तथा अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला अभ्याथी हेतु 200/—एवं अनारक्षित संवर्ग के अभ्यार्थी हेतु 300/— रू. एवं आवेदन शुल्क रू. 25000/— प्रतिमाह एवं रू. 25000 प्रतिमाह से अधिक वेतनमान वाले पदो के लिए निःशक्त/अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थी हेतु 200/— तथा अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला अभ्याथी हेतु 300/—एवं अनारक्षित संवर्ग के अभ्यार्थी हेतु 400/— रू.। आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। डिमांड ड्राफ्ट **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर** के नाम से देय होगा। बिना आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगें।
4. आवेदक एक से अधिक पदों हेतु आवेदन कर सकते है। किंतु पृथक—पृथक आवेदन भरना होगा। परीक्षा शुल्क आवेदित पदों में उच्चतम वेतन के अनुरूप एक बार ही देय होगा।
5. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.आई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य हैं।
6. 16500/—रूपये एवं 16500/— से कम एकीकृत वेतनमान वाले पदों हेतु जिले के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के स्थानीय निवासी उपलब्ध नही होने की स्थिति में अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।
7. 16500/—रूपये से अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी जिलों के अभ्यार्थियों को समान अवसर दिया जायेगा।
8. आवेदकों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी स्तर से जारी प्रमाण पत्र मूलतः लाना होगा।
9. जिला रोजगार कार्यालय जीवित पंजीयन आवश्यक है।
10. सभी पदो के लिये उम्मीदवार की आयु 01.01.2021 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष (चिकित्सकीय पद) हेतु तथा 64 वर्ष (प्रबंधकीय पद) हेतु होनी चाहिये। शासकीय व अशासकीय सेवा में कार्यरत अभ्यार्थियों को शासन के नियमानसुार आयु की छूट की पात्रता होगी।
11. जाति के संबंध में स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

12. अभ्यार्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनत्तम पास–पोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकायें।
13. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था या विश्व विद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, जाति निवास प्रमाण पत्र व पंजीयन प्रमाण पत्र स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रतिया अनिवार्यता संलग्न करें। एवं संलग्न नही पाये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को होगा।
14. आवेदक आवेदन में संलग्न किये सभी अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा के समय अनिवार्यता प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा व योग्य नही होगा।
15. अभ्यार्थी को उपस्थित होने के लिये किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
16. चयन प्रक्रिया का परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर की सूचना पटल पर चस्पा किया जायेगा।
17. नियुक्ति वित्तीय वर्ष 2021–22 संविदा आधार 31.03.2022 तक पूर्णता अस्थायी एवं अस्थानांतरणीय है।
18. चयन उपरान्त सभी चयनित उम्मीदवारों बांड भरना होगा कि वे अन्य जगहों पर आवेदन करने के लिये संबंधित अधिकारी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेंगे।
19. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या को घटाया एवं बढ़ाया या निरस्त भी किया जा सकता है।
20. उक्त नियुक्ति का चयन जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
21. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध किया जावें, तथा पृष्ठांकन क्रमांक भी अंकित करें, आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1 आवेदन, 2 निवास प्रमाण पत्र, 3 रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, 4 जाति प्रमाण, 5 शैक्षणिक योग्यता, 6 अनुभव प्रमाण पत्र एवं 7. अन्य प्रमाण पत्र)
22. अपूर्ण एवं अस्पष्ट त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी। प्रत्येक आवेदकों को चाहिए की विज्ञापन में दिए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही व पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई भी जानकारी अपूर्ण, अस्पष्ट या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो अपूर्णताः के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पर चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।
23. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का निराकरण करने एवं अतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, रायपुर का होगा।
24. आरक्षण जिले में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।
25. उपरोक्त पद जिसमें अनिवार्य अनुभव का उल्लेख है, उक्त पद में अनिवार्य अनुभव के अनुभव वर्ष का ही अंक प्रदान किया जावेगा।
26. आवेदित पद के पात्र–अपात्र की सूची में दावा–आपत्ति हेतु आवेदक द्वारा पंजीयन के समय प्रस्तुत दस्तावेज के अतिरिक्त अन्य दस्तावेज दावा–आपत्ति आवेदन में स्वीकार नही किया जावेगा।
27. चयन प्रक्रिया कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कारः–
अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगीः–
    1. शैक्षणिक योग्यता – 65 प्रतिशत,
    (ए.एन.एम. / जी.एन.एम. / नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिय शैक्षणिक योग्यता 60 प्रतिशत होगा)
    2. अनुभव अंक – 10 / 15 / 20 अंक(समकक्ष अनुभव)
    (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों के लिये 03 अंक प्रतिवर्ष, अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यार्थियों के लिये 02 अंक प्रतिवर्ष, अधिकतम 10 अंक )
    (ए.एन.एम. / जी.एन.एम. / नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये 04 अंक प्रतिवर्ष, अधिकतम 20 अंक)
    3. लिखित कौशल / कौशल परीक्षा / साक्षात्कार – 20 अंक

28 .पदों की शैक्षणिक योग्यतानुसार माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट एवं स्टाफ नर्स पद के लिए कौशल परीक्षा ली जायेगी, कौशल परीक्षा विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सम्पादित किया जावेगा। एवं शिशु रोग विशेषज्ञ पद हेतु विषय–विशेषज्ञ द्वारा साक्षात्कार लिया जावेगा। परीक्षा में अनारक्षित वर्ग के उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनत्तम प्राप्तांक 08, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं निःशक्त उम्मीदवार के उत्तीण हेतु न्यूनत्तम प्राप्तांक 06 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। उत्तीर्ण नही होने की दशा में लिखित / कौशल परीक्षा में अपात्र माना जावेगा। अनारक्षित रिक्तियों के विरूद्ध आरक्षित प्रवर्ग के उन्ही आवेदकों का चयन किया जावेगा जो अनारक्षित प्रवर्ग के लिए निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करते है।
29. केवल शासकीय एवं अर्द्धशासकीय /सार्वजनिक संस्थान / शासन से वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। एवं कार्यरत अभ्यार्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण

पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को अनुभव के अंक प्रदान किये जावेगे।

30. प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी, प्रतीक्षा सूची की वैद्यता प्रकाशन तिथि से आगामी 1 वर्ष तक के लिए वैद्य रहेगी, इस दौरान पद रिक्तता की स्थिति में उक्त प्रतीक्षासूची से पदपूर्ति की जा सकेगी।

31. पद के शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत तथा ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये शैक्षणिक योग्यता 60 प्रतिशत एवं एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष हेतु 3 अंक अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक अधिकतम 10 अंक तथा ए.एन.एम./जी.एन.एम. /नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये 04 अंक प्रतिवर्ष, अधिकतम 20 अंक जोड़कर तदानुसार प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी जिसमें से रिक्त पदो के निम्न तालिकानुसार उम्मीदवारों को लिखित/कौशल परीक्षा के लिए स्वीकार किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित रिक्तियों की संख्या | कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 पद | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 पद | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञाप्ति रिक्त पदों का 03 गुना। |

32. संविदा नियुक्ति हेतु अंतिम चयन सूची का निर्धारण शैक्षणिक योग्यता का 60/65 प्रतिशत अनुभव का 10/15/20 अंक, लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा का 20 अंक के आधार पर कुल 100 प्रतिशत अंक की गणना कर चयन समिति द्वारा अंतिम सूची तैयार किया जावेगा।

33. शासन के प्रावधानुसार उपरोक्त नियुक्ति में महिलाओं, निःशक्त एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।

34. जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी 40 प्रतिशत से अधिक का निःशक्तता प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

35. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा किसी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

36. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद रहे हो उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला रायपुर, छ.ग.
24.6.21

# आवेदित कार्यक्रम एवं पद का नाम ..............................

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम (हिन्दी में) | : | .................................................................. |
| | (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) | : | .................................................................. |
| 2. | पिता/पति का नाम | : | .................................................................. |
| 3. | माता का नाम | : | .................................................................. |
| 4. | अ) जन्म तिथि (अंको में) | : | .................................................................. |
| | ब) आयु 1 जनवरी 2021 की स्थिति में | : | वर्ष....................माह.....................दिन...................... |
| 5. | जाति (सामान्य/अनु.जाति/जन.जाति/ अ.पि.व. वर्ग) (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें) | : | .................................................................. |
| 6. | छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नही (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें) | : | .................................................................. |
| 7. | निवासी जिले का नाम | : | .................................................................. |
| 8. | क्या आप निःशक्तता श्रेणी के है हॉ/नहीं | : | .................................................................. |
| | यदि हॉ–निःशक्तता का प्रतिशत एवं प्रकार (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें) | : | .................................................................. |
| 9. | भूतपूर्व सैनिक हॉ/नहीं | : | .................................................................. |
| 10. | स्थायी निवास का पता | : | .................................................................. <br> .................................................................. <br> .................................................................. |
| 11. | वर्तमान पत्र व्यवहार का पता | : | .................................................................. <br> .................................................................. <br> मोबाईल/दूरभाष नं. ...................................... <br> ईमेल आई.डी. ................................................ |
| 12. | संबंधित कौंसिल का नाम | : | .................................................................. |
| | पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक | : | .................................................................. |
| 13. | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन | : | .................................................................. |
| | कमांक/दिनांक/स्थान | : | .................................................................. |

14. आवेदन शुल्कः– : आवेदन शुल्क रू. 25000/– प्रतिमाह से कम वेतनमान वाले पदो के लिए निःशक्त/अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थी हेतु 100/– तथा अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला अभ्याथी हेतु 200/–एवं अनारक्षित संवर्ग के अभ्यार्थी हेतु 300/– रू. एवं आवेदन शुल्क रू. 25000/– प्रतिमाह एवं रू. 25000 प्रतिमाह से अधिक वेतनमान वाले पदो के लिए निःशक्त/अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थी हेतु 200/– तथा अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला अभ्याथी हेतु 300/–एवं अनारक्षित संवर्ग के अभ्यार्थी हेतु 400/– रू.। आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से देय होगा। डिमांड ड्राफ्ट **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर** के नाम से देय होगा। बिना आवेदन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगें।

15. बैंक ड्राफ्ट का विवरण : डी.डी. क्रमांक ............................दिनांक .........

बैंक का नाम ..............................राशि .............

16. शैक्षणिक योग्यता : (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)

| क्रं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षो का पूर्णांक | उत्तीर्ण परीक्षा के सभी वर्षो का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

17. अनुभवः–

| क्र. | संस्था का नाम | पद का नाम | कार्यादेश क्र. एवं दिनांक | कार्य अवधि | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गयी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएगें।

स्थान..........................

दिनांक..........................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ............................................

पता ............................................

............................................

**संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्याः–**

1. दसवीं/बारहवीं की अंकसूची अथवा जन्म प्रमाण पत्र ....................................................
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षो का) ....................................................
3. जाति प्रमाण पत्र ....................................................
4. मूल निवास प्रमाण पत्र ....................................................
5. निःशक्त प्रमाण पत्र ....................................................
6. भूतपूर्व/सैनिक स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित प्रमाण पत्र. ....................................................
7. बैंक ड्राफ्ट की मूल प्रति ..............................अन्य..............................
8. मेडिकल कौंसिल संबंधी प्रमाण पत्र ....................................................
9. रोजगार कार्यालय संबंधी प्रमाण पत्र ....................................................